हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024



11 ओपीएस की मांग को लेकर रेलवे यूनियन ने की रिले हंगर स्ट्राइक





12 बवानिया बिजली घर से जुड़े 11 गांवों में दिन के समय बंद बत्ती रहती है गुल







## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। गायों के लिए चाट बनाते हुए।

### गोशाला में लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में वीरवार को दो सवामणी आयोजित की गई। पहली सवामणी बुधराम शर्मा निंबी वाले ने व दूसरी सवामणी स्वर्गीय श्रीराम दीवान के दामाद विनोद शर्मा ने अपने-अपने परिजनों के साथ सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गो-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है।


महेंद्रगढ़। निमंत्रण पत्र एवं अभिमंत्रित चावल देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### रामलला की स्थापना को लेकर चलाया अभियान

**महेंद्रगढ़।** आगामी 22 जनवरी को रामलला के अयोध्या स्थित नवनिर्मित राम मंदिर में स्थापित किए जाने को लेकर नगर के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वीरवार को सेहलंग रोड स्थित श्री राम कॉलोनी में नगर पालिका उपप्रधान मंजू कौशिक, पार्षद राजेश सैनी, सुखबीर यादव, यशपाल यादव, समाजसेवी डॉ. केसी गौड़, संजय पीटीआई के साथ श्रीराम कॉलोनी के लोगों ने घर-घर जाकर आमजन को 22 जनवरी के दिन पर्व के रूप मनाए जाने को लेकर निमंत्रण पत्र एवं अभिमंत्रित चावल देकर आह्वान किया गया है।

### देसी कट्टे के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**डहीना।** गोठड़ा टप्पा डहीना में गत वर्ष 23 दिसंबर को महिला ललिता देवी को लगी गोली के मामले में पुलिस ने उसके भतीजे मोहित को गिरफ्तार किया है। किचन में खाना तैयार कर रही ललिता को मोहित के पिस्तौल से अचानक चली गोली लग गई थी। पुलिस ने उसके बयान पर ललित के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

## स्कूली बच्चे पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभाग प्रदर्शित करेंगे मनमोहक झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

आईटीआई मैदान में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने वीरवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को इस समारोह की जिम्मेदारियां तय की। डीसी ने निर्देश दिए कि समारोह में शामिल टुकड़ियों की रिहर्सल करवाई जाए। इस रिहर्सल पर विशेष फोकस दें। इसके बाद अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को होगी। रिहर्सल के समय भी एंबुलेंस व डाक्टर तथा बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि एक कार्यक्रम पांच मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके लिए भी लगातार रिहर्सल करवाएं। इससे पहले कमेटी समय से पहले सांस्कृतिक टीमों का चयन कर लें। गाने के बोल पहले चेक करें। झांकियों के संबंध में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी से संबंधित मनमोहक झांकियां तैयार करवाएं। इसके लिए अभी से एक प्लान बना लें। यह झांकियां आईटीआई में एक दिन पहले पहुंच जाएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आईटीआई मैदान में साफ-सफाई का कार्य शुरू करवा दें। लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करें। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे में विभाग से संबंधित ड्यूटी को पूरे उत्साह के साथ करें। इसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एएसपी प्रबीना पि, एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश डा. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।


महेंद्रगढ़। अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें: हर्षित कुमार

- 20 जनवरी को मार्चपास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रथम रिहर्सल होगी

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां आज से ही शुरू करवा दें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये निर्देश एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस ने उपमंडल कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की मीटिंग में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस मनाने से संबंधित जिम्मेवारियां सौंपते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों की रिहर्सल आज से ही स्कूल अपने स्तर पर करवाना शुरू करवा दें ताकि की गई तैयारी के आधार पर टीमें बढ़िया प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के मैदान में 20 जनवरी को मार्चपास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रथम रिहर्सल व 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। मार्चपास्ट की रिहर्सल प्रातः 10 बजे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल 12 बजे करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फाईनल रिहर्सल में भाग लेने वाली टीमें फुल ड्रेस में आएं। एसडीएम हर्षित कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा इसलिए विभिन्न विभागों द्वारा तैयार झांकियों का प्रदर्शन सरकार की जनहितैषी नीतियों, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रचार एवं विभिन्न प्रकार की सामाजिक बुराईयों को मिटाने पर आधारित हों। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सौंपी गई जिम्मेदारियों का निवर्हन निष्ठा एवं कर्तव्यप्रायणता के साथ करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के ओवरआल इंचार्ज नायब तहसीलदार रहेंगे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दयाचंद, बीडीपीओ अनिल कुमार, सुपरिटेंडेंट सुदेश पूनिया, मॉडल संस्कृति स्कूल प्राचार्य सुनील गोरा, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर चंद्रगुप्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ओलम्पियाड में सूरज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- प्रथम 15 अंतरराष्ट्रीय रैंक में से सात स्थान सूरज स्कूल के


छात्र अनुज।

साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओलम्पियाड में विज्ञान विषय का परिणाम जारी किया गया। इसमें प्रथम 15 अंतर्राष्ट्रीय रैंक में से सात स्थान सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। इनमे अनुज यादव ने सातवीं अंतर्राष्ट्रीय रैंक तथा रिया, दिव्यांशी, समीक्षा, हिमांशी, पराग, दिशांत आदि ने 12वीं अंतर्राष्ट्रीय रैंक प्राप्त की। टॉप 25 अंतर्राष्ट्रीय रैंक में सूरज स्कूल के 67 विद्यार्थी शामिल रहे तथा 217 विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और जोनल स्तर पर रैंक हासिल की। इन सभी विद्यार्थियों को साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस तथा मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा तथा ये सभी विद्यार्थी इस परीक्षा के द्वितीय चरण में भाग लेंगे। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि यह ओलिंपियाड एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों के विद्यार्थी भाग लेते है। ऐसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का अंतर्राष्ट्रीय रैंक प्राप्त करना विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सूरज स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं से ही इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी करवाई जाती है तथा विद्यार्थी की रूचि के अनुसार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उसका भाग लेना सुनिश्चित किया जाता है। उपनिदेशक गायत्री यादव ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा कहा की शीतकालीन अवकाश के पश्चात सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अध्यापकों का सम्मान किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य, उपप्राचार्य, अकादमिक कोऑर्डिनेटर सहित समस्त अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धारूहेड़ा: होटल पर हुए विवाद के बाद घर पर हमला, आरोपितयों के खिलाफ केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** होटल पर खाना खाते समय विवाद होने के बाद नंदरामपुर बास में घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। इससे परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।पुलिस बयान में आकाश ने बताया कि वह अलावलपुर के एक होटल में खाना खाने के लिए गया था। वहां गांव का ही केशव भी खाना खा रहा था। केशव ने शराब के नशे में उसके पास आकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसके बाद आकाश अपने घर चला गया। उसने बताया कि जब वह बाइक लेकर अपने खेत में सब्जी लाने के लिए जा रहा था, तो केशव ने दीपक, डूडू व एक अन्य के साथ मिलकर उसकी बाइक रोक ली। उसके साथ मारपीट शुरू की गई।

# विजय स्कूल के चेयरमैन को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना के चेयरमैन विजय यादव टुमना को श्रीकृष्ण बाबा गुदड़िया गोशाला ट्रस्ट प्रधान व कार्यकारिणी सदस्यों ने गोशाला में दिए आर्थिक सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में अच्छी से अच्छी एजुकेशन देने का प्रयास कर रहे हैं तथा अब बच्चों को सीकर व कोटा जाने की जरूरत नही। सभी


महेंद्रगढ़। विजय यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अध्यापक सीकर व कोटा से आपके महेंद्रगढ़ में मिलेंगे। विद्यार्थियों को पूरा डिजिटल कैंपस मिलेगा तथा पढ़ाई का बेहतरीन वातावरण मिलेगा। आसपास से हजारों की संख्या में विद्यमान नागरिकों ने तालिया बजाकर चेयरमैन का अच्छे कार्यो के लिए अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच माधोगढ़, डालनवास, गादड़वास, बारडा, डिगरोता, सुरेहती जाखल, सुरेहती पिलानियां, सुरेहती मोडीयान, बलाना, राजावास, खातोदड़ा, बलायचा, ढाढोत, मांडोला व जेरपुर ने विशेष आभार प्रकट किया।

# यदुवंशी स्थापना दिवस को बनाएंगे यादगार: राव बहादुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- यदुवंशी सुसंस्कारित शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को दक्षता हासिल करवाकर उनका स्वर्णिम भविष्य बना रहा

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले 29वें भव्य समारोह का आयोजन 14 जनवरी मकर संक्रांति पर सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी चरखी दादरी में किया जाएगा। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए लाखों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे, जिसमें सभी गांवों से सरपंच, पंचायत सदस्य, जिला पार्षद, सभी सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार अध्यक्ष के रूप में शिरकत करेंगे। पूर्व विधायक एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि उसे भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में निमंत्रण के दौरान जो आपका प्यार व सम्मान मिला, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उसे पूरा विश्वास है कि आपके सहयोग से हम सभी मिलकर इस स्थापना दिवस के भव्य समारोह को यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी भी अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेरेंगे। यदुवंशी एक लंबे समय से प्रदेश में सुसंस्कारित शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को दक्षता हासिल करवाकर उनका स्वर्णिम भविष्य बना रहा है। आपके कार्यक्रम में शामिल होने पर विद्यार्थी प्रेरित होंगे तथा आपका उचित मार्गदर्शन भी मिलेगा। शिक्षा ही सर्वोतम विकास का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन अपना स्थापना दिवस समारोह मना रहा है।

# श्रीराम हमारे महान प्रेरणा स्त्रोत: ठाकुर अतरलाल

- 22 को अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हम श्रीराम के वंशज है। भगवान श्रीराम हमारे महान प्रेरणा स्त्रोत व आराध्य देव हैं। संपूर्ण देशवासियों के लिए यह गौरव खुशी और उल्लास का विषय है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित होगी। हमें पार्टी बाजी से ऊपर उठकर इस अवसर पर अपने घरों, मंदिर, धर्मशालाओं, सार्वजनिक


नारनौल। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बसपा नेता अतरलाल। फोटो: हरिभूमि

स्थलों पर दीपोत्सव तथा भजन, कीर्तन कर जश्न मनाना चाहिए। उक्त विचार प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो बसपा नेता अतरलाल ने धनौन्दा गांव में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 22 जनवरी को श्रद्धा तथा उल्लास से समारोह आयोजित करने की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय समभाव और राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत करने के लिए भगवान श्रीराम की शिक्षाओं व आदशार्ें को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर पूरे अटेली विधानसभा क्षेत्र को 10 सैक्टरों में बांटकर उनके प्रभारी नियुक्त किए गए, जो अपनी टीमों के साथ ग्रामीणों से जनसंपर्क कर दीपोत्सव के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, पवन चौधरी, ओमप्रकाश यादव ने भी विचार प्रकट किए।

# कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एनएसएस शिविर के चौथे दिन वीरवार को कैडेटों ने शहर में यातायात नियम जागरूकता रैली निकाली। वार्ड वाइज घर-घर जाकर लोगों को वाहन चलाने संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महावीर चंदेला ने किया, जिसमें एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी दीपक कुमार ने छात्राओं को बैंक योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में


नांगल चौधरी। एनएसएस कैडेटों की रैली को रवाना करते प्राचार्य महावीर चंदेला। फोटो: हरिभूमि

यातायात नियमों की अनदेखी करना बड़ा कारण होती है। अधिकतर लोग सीट बेल्ट या हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते। कइयों को जेब्रा क्रासिंग, पार्किंग या आबादी प्वाइंट संकेतों की जानकारी नहीं होती। जिस कारण दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। जो हेलमेट या सीट बेल्ट का प्रयोग करते हैं, हादसे में उनके जीवित बचने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अध्यन करने तथा अनुसरण करके सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके बाद एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता दीपक कुमार ने कहा कि सरकार ने शिक्षा लोन का प्रावधान किया है। जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा सुविधा पूर्वक पूरी करने में मदद मिलती है। इस मौके पर एनएसएस की प्रभारी सावित्री देवी, पीसीए गरिमा, करतार सिंह, जसवंत सिंह मौजूद थे।


महेंद्रगढ़। देवी जी के मंदिर में बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# अयोध्या से आए अक्षत व चित्र किए वितरित

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के बालरुप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भू-तल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों में बड़ी खुशी के साथ दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण दिया जा रहा है। घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य तेजी से चल रहा है। कार्यक्रम के जिला पालक सुभाष डागर, नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी, नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि शहर के सभी 15 वार्डों की नगर बस्तियों के लिए निमंत्रण दिए जाने के कार्य को लेकर एक बैठक स्थानीय देवी जी के मंदिर में नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नगर संयोजक तिवाड़ी ने बताया कि लोगों को निमंत्रण देने का कार्य लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा । उन्होंने बताया कि बैठक में कहीं पैसे लिए जाने जैसी बात भी चर्चा में आई। उन्होंने कहा कि अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक के साथ निमंत्रण दिया जा रहा है तथा किसी से कोई पैसा नहीं लिया जा रहा है। अरविंद खेतान ने बताया कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को सुबह 8.15 बजे रामभक्तों द्वारा 501 ध्वजाएं लेकर राव तुलाराम चौक से गोपाल गौशाला बुचियावाली तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर सुधीर दिवान, सुशील बिढ़ाट, राधेश्याम दिल्लीवान, भारत बंधु, वेद धरसूंवाले, विजय अग्रवाल, ओमप्रकाश टांक, संजय माधोगढ़िया, घीसाराम सैनी, मुकेश खटीक, अशोक सैनी नपा पार्षद, श्रीमोहन वशिष्ठ, राजेश दिवान, सुरेश सोनी, डॉ. मोनू, सीताराम पुजारी व रविशंकर तिवाड़ी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।


नारनौल। डीएवी स्कूल के विजेता विद्यार्थी व स्कूल स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

# डीएवी स्कूल के छात्रों ने स्पर्धाओं में जीते 37 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- गाजियाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, पानीपत, बबराला यूपी में तीन से आठ जनवरी तक प्रतियोगिता

डीएवी संस्थान की ओर से राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट गाजियाबाद, गुरुग्राम, नॉएडा, पानीपत, बबराला उत्तरप्रदेश में तीन जनवरी से आठ जनवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें 17 प्रदेश से टीमों ने भाग लिया। हरियाणा की तरफ से एमएलएस डीएवी स्कूल के 65 छात्रों ने भाग लिया। स्कूल की तरफ से वॉलीबॉल टीम, खो-खो, आर्चरी में छात्र-छात्राओं की टीम ने प्रदेश के प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 37 मेडल प्राप्त किए। जिसमें 10 गोल्ड, 13 रजत, 14 कांस्य पदक प्राप्त किए। आर्चरी छात्र व छात्राओं की टीम ने ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसके अलावा छात्राओं में निशु, शिक्षा, लम्हा व छात्रों में रुद्रप्रताप, विनय, यश शर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। ख़ुशी ने में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वॉलीबॉल टीम बॉयज में रजत ने मेडल प्राप्त किया। खो-खो गर्ल्स ने कांस्य पदक प्राप्त किया। चित्रा व तनुश्री ने रजत पदक प्राप्त किया। नक्षत्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया। आर्चरी में निशु ने 30 मीटर, 50 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर वीरवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यापक सहीराम, सुदेश शारीरिक शिक्षक, मनोहर कोच, अमित कोच को बधाई दी। जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उपलब्धियां प्राप्त की। स्कूल प्राचार्य विरेन्द्र कुमार ने प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को बधाई दी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर समानित किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गांव बारड़ा व डिगरोता पहुंचीं

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का पहुंच रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

विकसित भारत संकल्प यात्रा सतनाली खंड के गांव बारड़ा व डिगरोता पहुंची। गांव डिगरोता में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गांव डिगरोता में मुख्य अतिथि ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव बारड़ा में गांव के सरपंच कैलाश ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में पहुंची है। यह यात्रा पूरे भारत में हर राज्य में हर गांव में चल रही है।


सतनाली मंडी। होनहार छात्रा को सम्मानित करते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो: हरिभूमि

इस यात्रा का केवल एक ही मकसद है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना। इस यात्रा में आए विभिन्न विभागों से अधिकारी आप लोगों की समस्याएं सुनेंगे व विभागीय स्कीमों की जानकारी देंगे। इस अवसर पर उन्होंने गांव के सबसे बुजुर्ग महिला जिनकी आयु 102 वर्ष ग्यारसी देवी व गांव के शहीद स्योनाथ तथा शहीद श्रीराम चौधरी के परिजनों को व क्लैट में 16रैंक लाने वाली छात्रा शिक्षा को सम्मानित किया। इस मौके पर गांव बारड़ा के सरपंच ने सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गांव के स्कूल के टॉपर वर्षा, तन्नू, तमन्ना, नीशा को पैन कॉपी देकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि सरकार की ओर से आयुष्मान कार्ड की स्कीम चलाई जा रही है। इसमें जिस व्यक्ति की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है उस व्यक्ति को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है।

### लगाई गई स्टालों का जायजा लिया

इस मौके पर बेगम बानो, सुनीता, मनीष कुमार को आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया। गांव डिगरोता में सीएम सुशासन सहयोगी डा. दिवाकर ने विभागों की ओर से लगाई गई स्टालों का जायजा लिया। जिला समाज कल्याण विभाग से हिमांशु ने बताया कि गांव बारड़ा में दो नागरीकों की व गांव डिगरोता में 12 नागरीकों की पेंशन बनाई। गांव बारड़ा में सुपरवाइजर सीमा ने नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में गांव की कंचन, सितारा की गोद भराई तथा अनंत व नव्या का अन्नप्राशन व गीतांशी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर एसईपीओ प्रवीन कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से हिमांशु, जिला कल्याण विभाग से एआरओ धमेंद्र्र व सतेंद्र बलाना, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, ग्राम सचिव राजेंद्र, पशुपालन विभाग से डा. निलेश व डा. भारत इंदू, आयुष विभाग से डा. रमेश मौजूद थे।

### बस स्टैंड पर दो बहनों के पर्स उड़ाए, एक आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** बस स्टैंड पर बैग से दो बहनों के पर्स चोरी करने के आरोप में बस स्टैंड पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किए गए पर्स नकदी समेत बरामद किए गए हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। महेंद्रगढ़ के सीहोर निवासी मीनाक्षी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह और उसकी बहन मोहिनी बस से अपने गांव जा रही थीं। जब बस स्टैंड के गेट के पास बस पहुंची तो उसने टिकट लेने के लिए उसने बैग से पर्स निकालना चाहा। बैग से उसका और उसकी बहन का पर्स गायब मिला। दोनों के पर्स में नकदी थी। उन्होंने बस से उतरकर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। चौकी इंचार्ज विनोद कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड परिसर से ही राजस्थान के गोपालपुरा जयपुर निवासी राजेश को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### रातांकलां के पूर्व सरपंच प्रीतम टील्लू को पितृशोक

**मंडी अटेली।** गांव रातांकलां के पूर्व सरपंच प्रीतम उर्फ टील्लू के पिता श्रीकृष्ण चंद ठेकेदार का हृदय



गति रुकने से देहांत हो गया। वे करीब 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार वीरवार को पैतृक गांव रातांकलां में कर दिया गया गया। वे भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर सामाजिक कायार्ें में भाग लेते थे और खेती-किसानी करते थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह चेयरमैन ने कहा कि कृष्ण ठेकेदार सदैव समाज हित के साथ साथ गरीब, मजदूर व बेसहारा लोगों की सहायता करने में रुचि रखी।



### ट्रॉला बेचने के मामले में एक ओर आरोपी काबू

**सतनाली मंडी।** पुलिस टीम ने साथी का ट्रॉला बेचने के मामले में संलिप्त एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा आरोपित कमलदीप उर्फ धोलिया वासी झोझू कलां को प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया और न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से नकदी बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### रोड पर गंदा पानी फैलने से ग्रामीण परेशान

**मंडी अटेली।** गांव गुवानी में सिहमा-बाछौद की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर एससी बस्ती के आसपास गंदा पानी फैलने से ग्रामीणों के साथ-साथ मार्ग पर राहगीरों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। जिससे जलजनित बीमारियों के फैलने की आशांका बनी हुई है। रोड व उसके साथ गंदे पानी के फैलने से रोड भी खराब बना हुआ है। ग्रामीण महेश कुमार, रमेश कुमार, पूर्व सरपंच विजय पाल, सुरेंद्र कुमार, अनिल कुमार व बिजेंद्र कुमार ने बताया कि मार्ग को बाछौद व सिहमा को जोड़ता है। जिससे यहां से अनेक वाहन गुजरते हैं। गांव में रोड के साथ घरों के गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था व नाली नहीं होने के कारण यह समस्या बनी हुई है।

# संगठन की मजबूती को गांव-गांव जाकर साध रहे संपर्क, जजपा होगी मजबूत

**खास बातें**

- झंडे के नीचे संगठित होकर चॉबी का बटन दबाए, खुलेंगे विकास के दरवाजे : अजय
- पहले दिन पांच गांवों में की जनसभा, दूसरे दिन शुक्रवार को छह गांवों में होगी जनसभा



नारनौल। जनसभा को संबोधित करते पार्टी अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने अपने दो दिवसीय दौरे की शुरूआत वीरवार गांव बलाहा खुर्द से की। इसके बाद गांव दौचाना, नौलाजा, बिहारीपुर, खातोली जाट व गांव नंगली में ग्रामीण जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज लंबे अंतराल के बाद दर्शन करने का मौका मिला है। स्थानीय यूनिट का वह आभारी है, जहां यहां कार्यक्रम रखा। फिर सरकार के स्तर पर जो समाधान हो सकता है, वह करवाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से छह वर्ष पहले जब जींद की पांडू पिंडारा की पावन धरा पर लाखों की तादाद में पहुंचकर आपने जननायक जनता पार्टी का गठन किया और एक होनहार युवा की पीठ पर हाथ रखकर उसकी हौंसला अफजाई की तो उसने ना केवल नौ महीने में पार्टी का नया राजनैतिक संगठन खड़ा किया बल्कि विपरित परिस्थितियों में आपके आशीर्वाद से तीन-तीन चुनाव भी झेले। आपके आशीर्वाद व पार्टी के सहयोग से 10 विधायक अपने साथ चुनकर प्रदेश की विधानसभा में लेकर जाने का काम किया। उन 10 विधायकों की बदौलत ही आपकी राज में हिस्सेदारी हुई। जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ और सरकार बदली कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी आ गई। कभी पहला फेस, कभी दूसरा कभी तीसरा। इस तरह लगातार दो साल यहीं चलता रहा। जब तक जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाएंगे नहीं, उनकी बातों को समझेंगे नहीं, जानेंगे नहीं तब तक उनका समाधान भी नहीं होता। जैसे ही कोरोना से मुक्ति मिली आपके सामने किसान आंदोलन हो गया। ऐसे में इस कार्यकाल में कम ही समय मिल पाया। फिर भी जितना समय मिला, उसमें जितनी ताकत जनता ने दी, बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास किया है। इस मौके पर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, अभिमन्यू राव, अमरसिंह ब्रह्मचारी, एडवोकेट तेजप्रकाश, सुलोचना ढिल्लो, सिकंदर गहली, संजीव तंवर, सुविधा शास्त्री, सावित्री गुर्जर, युद्धवीर पालड़ी, बिरेंद्र बनिहाड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रामकुमार मकसूसपुरिया, प्रमोद तांखर, महेंद्र खन्ना, जिला पार्षद सचिन, हरफूल मैनेजर, अजय एडवोकेट, बेदू रातां, संदीप भांखर, सुरेंद्र ढिल्लो, धर्मवीर यादव, विजय छिलरो विरेंद्र घाटासेर, राजकुमार खातोद, लक्की सरदार, रोहताश रावत, बहादुर नांगलिया, जिलेसिंह गुर्जर, लक्का गुर्जर, हजारीलाल लंबोरा, लीलाराम, चैनसुख तोताहेड़ी, राजकुमार जांगड़ा, धीरज शर्मा, सुषमा यादव, दीपक यादव, बजरंग गुर्जर, माडूराम मौजूद रहे।

### 2024 में किसी भी चुनावी परिस्थिति की तैयारी

मिशन 2024 शुरू हो चुका है। इसका मतलब है कि साल 2024 में हरियाणा में लोकसभा व विधानसभा दोनों चुनाव होने है। जिस तरह के हालात व परिस्थितियां है, उसके चलते ये भी हो सकता है दोनों चुनाव एकसाथ हो जाए। इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियों शुरू कर दी है। हमने भी निर्णय लिया था कि प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी रैलियां करके और गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच जाएंगे और उनकी समस्या सुनेंगे व समझेंगे।

### कमियों की भरपाई से अधिक करने का प्रयास

उन्होंने कहा कि एक झंडे के नीचे संगठित होकर चॉबी का बटन दबाना। फिर यह चॉबी का बटन दबाने से विकास के दरवाजे खुलेंगे। जो कसर पिछले समय में रही है, ना उसकी भरपाई है, बल्कि उसको भविष्य में सवा करने की कोशिश करेंगे। जो संगठन में कमी रही है, उसकी भी पूर्ति आपके सहयोग से पूरी करेंगे। इन जनसभाओं में जो जनहित से जुड़ी डिमांड ग्राम पंचायत या ग्रामीणों ने दी है, वह हरियाणा सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान करवाया जाएगा।

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने लिया भाग

# ओपीएस की मांग को लेकर रेलवे यूनियन ने की रिले हंगर स्ट्राइक



नारनौल। रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल कर धरने पर बैठे रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर वीरवार को नारनौल के रेलवे स्टेशन पर एनडब्ल्यूआरईयू व यूपीआरएमएस दोनों के संयुक्त मोचार्् ने पुरानी पेंशन को लेकर रिले हंगर स्ट्राइक कर प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने स्टेशन से गुजरती रेलों के सम्मुख प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। इस धरना-प्रदर्शन में नारनौल रेलवे स्टेशन ही नहीं, खोरी से माउंड तक के स्टेशनों के रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने नारनौल स्टेशन पर आकर धरने में भाग लिया।

न्यू पेंशन स्कीम को लेकर दोनों यूनियनों के अध्यक्षों धर्मेंद्र यादव व श्यामसुंदर शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली उन सभी केंद्र और प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और रेल कर्मचारियों का प्रमुख मुद्दा है जो एक जनवरी 2004 से सरकारी सेवा में आए हैं। इसी को लेकर कपकंपाती सर्दी में कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने सरकार को अब आखिरी मौका दिया है।

### सरकार को देंगे नोटिस

सरकार को हड़ताल का नोटिस देकर अनिश्चिकालीन आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नई पेंशन योजना उनके लिए असुरक्षित है। एनपीएस के तहत पेंशन की राशि बाजार की स्थितियों से प्रभावित होती है। यदि बाजार में गिरावट आती है तो पेंशन की राशि भी कम हो सकती है। इसके अलावा एनपीएस के तहत कर्मचारी को अपने वेतन से पेंशन के लिए योगदान देना होता है। इससे उनके वेतन में कमी आती है। रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने 20 और 21 नवंबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। उन्होंने कहा कि कई राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी है, जिसकी वजह से अब रेलवे के कर्मचारी भी पुरानी पेंशन योजना की मांग कर रहे हैं। यदि सरकार हमारी मांग को नहीं मानती है तो जल्द ही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। हड़ताल से रेल थम जाएंगी और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों में कामकाज बंद हो जाएगा।

### कामकाज होगा प्रभावित

केंद्र में ही नहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों में भी सरकारी कामकाज प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि यह रिले हंगर स्ट्राइक अनिश्चितकालीन हड़ताल का ही पहला चरण है। उनके मुताबिक ओपीएस की मांग के लिउ केंद्र के कर्मचारी लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने रामलीला मैदान में रैलियां की हैं। सरकार के समक्ष कई प्लेटफॉर्म के माध्यम से ओपीएस की मांग उठाई गई है। हमने सरकार को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि कर्मचारियों को ओपीएस के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है। सरकार को एनपीएस खत्म करना होगा और गारंटीकृत पुरानी पेंशन योजना बहाल करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा ओपीएस प्रमुख मुद्दा है और सरकार चाहे जिस भी दल की हो, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए रेलवे कर्मचारियों की संख्या निर्णायक है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस भूख हड़ताल के बाद भी हमारी बात नहीं मानती है तो पूरे देश में आंदोलन खड़ा करेंगे। इस दौरान यूनियन के सचिव राजबीर सिंह की अध्यक्षता में भूख हड़ताल की। इस भूख हड़ताल में सुरेश शर्मा, धर्मेंद्र, अर्जुन सिंह, योगेश शास्त्री, हेमंत, प्रविंद्र, प्रदीप, विक्रम, नरेश जिलोहा मौजूद रहे।



नारनौल। लघु सचिवालय पार्क में धरने पर बैठे पटवारी व कानूनगो।

# मांगों को लेकर पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का धरना वीरवार को जारी रहा। बता दें कि वेतन संबंधित मांगों को लेकर जिले के सभी पटवारी व कानूनगो तीन जनवरी से हड़ताल पर हैं। धरना स्थल पर सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान मास्टर धर्मेन्द्र यादव, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पूर्व प्रधान शेरसिंह यादव, अध्यापक संघ एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पूर्व जिला सचिव भूपसिंह, सरजीत नंबरदार, अरविन्द यादव, सुभाष कामरेड, फूलचन्द नंबरदार व कंवर सिंह मास्टर ने मांगों को जायज बताते हुए अपना सर्मथन दिया। इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए तहसील अटेली के प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि सरकार ने पिछले साल एक जनवरी 2016 से नोशनली पे स्केल बढ़ाने बारे वादा किया था, लेकिन सरकार अपने उक्त वादे से मुकर के सरेआम वादाखिलाफी कर रही है। इस हड़ताल के कारण आमजन को काफी परेशानी हो रही है। जिसके लिए बहुत ज्यादा खेद है, लेकिन इसके लिए केवल सरकार जिम्मेवार है, जो कि अपनी नाजायज हठधर्मिता के कारण है। सरकार अपनी इस हठधर्मिता के कारण न केवल आमजन को परेशान कर रही है, बल्कि अपना स्वयं का वित्तीय नुकसान कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान मास्टर धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि प्रत्येक पटवारी के पास तीन से चार सर्कल है, जिसमें 10 से 15 गांव शामिल है, जो कि पटवारियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया जा रहा है। आज सरकार की वादाखिलाफी के कारण ही पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर है, जबकि आम लोग अपने कामों के लिए दर दर ठोकरें खाने को मजबूर हैं। बेहद अफसोस का विषय है की सरकार अपने किए हुए वादों से पीछे हट रही है। तहसील महेंद्रगढ़ के प्रधान विकास पूनिया ने बताया कि पटवारी व कानूनगो सरकार के साथ लंबी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

# राज्यमंत्री ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

- खेल को खेल की भावना से खेलने का किया आह्वान



नारनौल। क्रिकेट खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्रिकेट खेलकर युवा क्लब खोड़मा की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने वीरवार को किया। इस अवसर पर युवा क्लब को 35 हजार रुपये देने की घोषणा की। साथ ही युवा क्लब को खेल का सामान उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल चाहे कोई भी हो उसे खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलों से जहां हमारा मानसिक व शारीरिक विकास होता है वहीं दूसरी ओर पदक लाने पर हमारे परिवार समाज व राष्ट्र का नाम भी ऊंचा होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल ग्राउंड व खेल का सामान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ खेलों के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि आज हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा पदक जीत कर लाते हैं। इस मौके पर खोड़मा सरपंच बहादुर, महरमपुर पूर्व सरपंच सतपाल, प्रमुख समाजसेवी मनोज यादव ठाठवाड़ी के अलावा गांव और आसपास के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा को निमंत्रण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व मंत्री को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

**महेंद्रगढ़।** जिले से राम मंदिर अयोध्या की कार सेवा के लिए 166 सदस्यों का जत्था ट्रेन से गया था, जिसमें हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबिलास शर्मा मुख्य रूप से शामिल थे। जिस समय उन्होंने जिले के कार सेवकों को अयोध्या तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके इस योगदान को याद करते हुए वीरवार को विश्व हिंदू परिषद की तरफ से उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र स्वीकार किया और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचने की बात कही। इस मौके पर संयोजक प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, रतनलाल मिश्रा, निरंजन सिरोलिया व अमित सिरोलिया आदि उपस्थित रहे।

### आज ब्राह्मण सभा की जनजागरण यात्रा

**महेंद्रगढ़।** ब्राह्मण सभा शुक्रवार दोपहर सैनी सभा से रेलवे स्टेशन तक सर्व समाज द्वारा जन जागरण यात्रा निकालेगी। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिए जलाने का संदेश दिया जाएगा।

**सूचना**

मै बलवंत पुत्र बेगराज वासी मो. केशव नगर गली नं0 3 नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप व उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई झगडा करते रहते हैं और घर के किसी भी सदस्य की कोई बात नही सुनते। इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै, संजय पुत्र नत्थूराम वासी वार्ड नंबर 12 नांगल चौधरी जिला महेद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी माताजी शांति देवी पत्नी स्व. नत्थूराम का स्वर्गवास दिनांक 03.10. 2017 को हो गया है। हम मुकेश, संजय, गुलाब, पांची, नरेश, चंद्रकला व बिल्लु के अलावा ओर कोई वारिस नही है। अब हम उनकी प्रापर्टी को अपने नाम करवाना चाहते है। इससे किसी को कोई एतराज है तो नगर पालिक नांगल चौधरी तहसील कार्यालय में आकर सूचित कर सकता है। उक्त बयान अगर गलत पाए जाते है तो उसका मै स्वयं जिम्मेवार रहूंगा।

**विरोध** | किसान नेताओं ने केंद्र सरकार पर लगाया किसानों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप

# किसान संगठनों ने एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

केंद्र सरकार पर पूंजीपतियों व बड़े उद्योगपतियों के हित में काम करने के लगाए




नारनौल। हस्ताक्षर अभियान चलाते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने राष्ट्रपति को सौंपे जाने वाले जन ज्ञापन के समर्थन में वीरवार को नांगतिहाड़ी चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अवसर पर किसान संगठन एआईकेकेएम के जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने से केन्द्र सरकार मुकर गई है। बिजली संशोधन बिल 2022 को सरकार ने संसद में दोबारा पेश कर रखा है तथा बिजली को पूरी तरह से बड़े-बड़े पूंजीपतियों के कंट्रोल में देने को तैयार है। बिजली प्राइवेट कंपनियों के कंट्रोल में आने पर सभी सब्सिडियां खत्म हो जाएगी। इससे सिंचाई बहुत महंगी हो जाएगी, जिससे खेती की लागत बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी और यह गरीब उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयां तथा डीजल हर साल महंगे हो जाते है, जिससे खेती में लागत बढ़ जाती है, प्राकृतिक आपदा आने से फसलें बर्बाद हो जाती है, मुआवजा नहीं मिलता तथा फसल के समय पर भाव पिट जाते है, पूरे दाम नहीं मिलते। इन करणों से किसान कर्ज के जाल में फंस जाते है और आत्महत्या तक करने को मजबूर होते हैं। केन्द्र व राज्य सरकारों की ओर से सरकारी विभागों शिक्षा, इलाज, रेलवे, बिजली आदि को प्राइवेट कंपनियों के हवाले किया जा रहा है पक्की नौकरियां खत्म की जा रही हैं। उसकी जगह मामूली वेतन पर केवल दो-तीन साल के लिए कौशल रोजगार के तहत कच्ची नौकरियां दी जा रही हैं। इससे सीमांत किसानों व भूमिहीन ग्रामीण गरीबों के बच्चों के लिए रोजगार का कोई अवसर नहीं रहा। महंगाई तथा बेरोजगारी ने हम सबका जीना दुभर कर दिया है। अब मुक्ति का एकमात्र रास्ता आंदोलन ही बचा है। इस मौके पर छाजूराम रावत, संजय कुमार, सीताराम प्रधान, महावीर प्रसाद, सत्यवीर, रोहतास, अनिल, पवन कुमार शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद यादव, इन्द्रराज, सुनील, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### ये हैं मुख्य मांग

सभी फसलों के लिए लागत से डेढ़ गुना एमएसपी की गारंटी का कानून बनाओ, भावांतर भरपाई योजना रद्द करो, राशन की सरकारी दुकान खोलकर तमाम ग्रामीण व शहरी गरीबों को सस्ते रेट पर राशन दो, बुढ़ापा पेंशन 10000 महीना लागू करें, मनरेगा का बजट बढ़ाकर सीमांत किसानों व खेत मजदूर को पूरे साल काम दो तथा 600 दिहाड़ी दो, बिजली बिल 2022 रद्द करो, बिजली को प्राइवेट हाथों में देना बंद करें, प्रीपेड मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए, संपूर्ण कर्जा मुक्ति लागू की जाए अर्थात सभी किसानों व खेत मजदूरों के कर्ज खत्म करो, पूरे प्रदेश में सिंचाई का सही इंतजाम करो, बर्बाद हुई फसलों का 50000 प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए।

**सूचना**

मै कुलदीप सिंह पुत्र ज्वालाराम जाति सैनी वासी धरसू तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी लडकी उषा मेरे कहने सुनने से बाहर है। और हमें जान से मारने की धमकी देती है। इसलिए मै उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनद. न करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई लेनदेन नहीं होगा।

**न्यायालय श्री रघुबीर सिंह, सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, सतनाली।**

मुकदमा अनुवान तकसीम
धर्मेन्द्र बनाम धर्मबीर वगैरा
विस्वेदार मौजा बीरसिंहवास
मिसल नं.- 306/आर.एन.टी/ तकसीम
आगामी ता. पेशी - 13.02.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अनुवान मुकदमा मेरे न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि 4. सज्जन पुत्र व 5. चन्द्रकला 6. सुशीला पुत्रीयां श्रीमती शान्ति पुत्री नन्दलाल 12. कविता पुत्री राजपाल पुत्र शुकराम 13. छोटी पुत्री रामस्वरूप पुत्र तीरखाराम 15. मोहर सिंह पुत्र धुप सिंह पुत्र मामराज 26. पतासी पुत्री धर्मचन्द पुत्र नन्दलाल 34. केशर देवी विधवा रघवीर सिंह पुत्र शुभराम 36. राजकुमार पुत्र रघवीर सिंह पुत्र शुभराम वासीयान गोपालवास जिला च. दादरी उपतहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ उक्त सभी को इस न्यायालय में पैरवी हेतु पेश होना है। उपरोक्त सभी को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 13.02.2024 को असालतन या वकालतन में पेश हावें। अन्यथा आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

हस्ता/-सहायक कौक्टर द्वितीय श्रेणी, सतनाली।

**सूचना**

मैं रविन्द्र यादव पुत्र श्री सुरत सिंह जाति अहिर निवासी महेन्द्रगढ़ तह. व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं की मेरे दादा झब्बूराम पुत्र रूघनाथ निवासी ग्राम लावन तह. व जिला महेन्द्रगढ़ ने अपनी स्वेच्छा से एक वसीयतनामा नं. 06/03 दिनांक 21.05.2020 को बहक रविन्द्र यादव व अमन यादव पुत्रान श्री सूरत सिंह पुत्र श्री झब्बूराम के नाम रजिस्टर्ड करवाया था। इस वसीयतनामा के अनुसार एक प्लाट नं. 467 वाका रकबा मौजा सैक्टर 18 डिफैन्स रेवाड़ी में स्थित जायदाद की वसीयत बहक श्री रविन्द्र यादव व अमन यादव पुत्रान श्री सूरत सिंह पुत्र श्री झब्बूराम निवासी लावन तह. वा जिला महेन्द्रगढ़ को बराबर-बराबर हिस्सा लिखवाया है। उपरोक्त बारे किसी को भी कोई एतराज हो तो 30 दिन के अन्दर अपना एतराज पेश कर सकता है। रविन्द्र यादव व अमन यादव कानून मालिक रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आज

**नारनौल।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि कार्यक्रम में उपयुक्त मोनिका गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुनाया जाएगा।

### वेतन कटौती के विरोध में आशा का प्रदर्शन आज

**नारनौल।** बकाया मांगों एवं वेतन कटौती के विरोध में आशा वर्कर 12 जनवरी को नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगी। जिला प्रधान मुनेश एवं जिला सचिव संतोष जाखनी ने संयुक्त बताया कि 16 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री के सचिव प्रधान के साथ समझौते के बाद 73 दिन बाद हड़ताल वापसी ली थी। जिस पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है।

### 20 को अटेली पहुंचेगी कांग्रेस संदेश यात्रा

**मंडी अटेली।** कांग्रेस संदेश यात्रा अटेली कस्बे के नया बस स्टैंड पर 20 जनवरी को सायं साढ़े छह बजे पहुंचेगी। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, पूर्व मंत्री किरण चौधरी व रणदीप सुरजेवाला विशेष रूप से शामिल होंगे। हरमेश गढ़ी ने बताया कि पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के नेतृत्व में यात्रा संदेश यात्रा का अटेली में अभिनंदन किया जाएगा। संदेश यात्रा का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचा कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करना है।

### नसीबपुर संस्थान में 17 से प्रशिक्षण मेला

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नसीबपुर में आगामी 17 जनवरी से अचार पापड़, मशाला पाउडर, मुरब्बे बनाना, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, जूट बैग बनाना व आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें कोई भी बेरोजगार महिला जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है।निदेशिका श्वेता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में आने वाले प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, पीपीपी की छायाप्रति एवं चार पासपोर्ट फोटो लेकर आएं।

### बेसहारा गोवंश गोशाला में होगा यज्ञ

**महेंद्रगढ़।** देवास रोड स्थित निमार्णाधीन बेसहारा गोवंश गोशाला में मकर संक्रान्ति पर पांच कुंडीय यज्ञ होगा। गोसेवक प्रमोद बेवल ने बताया कि गोशाला संघ प्रधान अरुण कौशिक कार्यक्रम के मुख्यातिथि होंगे। हरिओम शर्मा द्वारा यज्ञ संपन्न करवाया जाएगा।

### पुलिस ने 60 ग्राम गांजा सहित एक को पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने 60 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान हाल मसानी चौक व मूल आकोदा निवासी जितेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने गुप्त सूचना पर महेंद्रगढ़ में अस्पताल के पास रेड कर जितेंद्र वासी आकोदा हाल मसानी चौक को गिरफ्तार किया।आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# हाई क्वालिटी सीसीटीवी से लैस गांव पाली, गांव में अलग- अलग 45 जगह लगाए कैमरे

## सरपंच के घर में बनाया कंट्रोल रूम, गांव में होने वाली अपराधिक घटनाओं पर लगेगी रोक

विकास गोडवाल ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव पाली अब शहरों की तर्ज पर हाई क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। गांव पाली की पंचायत ने अपने पूरे गांव की सुरक्षा करने का जिम्मा खुद उठाया है। इसके लिए पूरे गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे यहां के हर गली मोहल्ले में सतत रूप से निगरानी रखी जा सकेगी। गांव पाली की पंचायत ने करीब 13 लाख रुपये की लागत से 45 कैमरे पूरे गांव में लगवाए गए हैं। 264 टीबी स्टोरेज की क्षमता के साथ सभी कैमरे चालू कर दिए गए हैं। ऐसे में गांव में होने वाली छोटी-मोटी चोरियों में इसका बहुत बड़ा फायदा मिलेगा। इस पूरे सिस्टम का नाम त्रिनेत्रम रखा गया है। ऐसे में यह पहला ऐसा गांव बन गया है, जहां हर घर सीसीटीवी कैमरे की नजर में है। गांव के सरपंच देशराज सिंह फौजी के प्रयास से गांव में मुख्य चौराहे, गांव के प्रवेश द्वार, दूसरे गांव से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग, बस स्टैंड सहित विभिन्न रास्तों पर कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की निगरानी के लिए सरपंच के घर में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां लगे एलसीडी टीवी पर सभी कैमरों की लाइव कवरेज देखी जा सकेंगी। वहीं डीवीआर में कैमरों की रिकॉर्डिंग मौजूद रहेगी।

12 से 13 हजार की आबादी वाले गांव में बाबा जयराम दास का बड़ा मंदिर हैं। जहां रोज सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं तथा साल में एक बार बड़ा मेला लगता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने आते हैं। गांव में बढ़ती चोरियों की घटना से परेशान होकर ग्रामीणों की मांग पर पंचायत ने यह कदम उठाया है। सरपंच देशराज सिंह फौजी ने बताया कि पंचायत की ओर से पूरे गांव में 45 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को लेकर समस्या बनी रहती है। इस कारण सभी कैमरों को निरंतर चालू रखने के लिए इनवर्टर भी लगाया गया है, ताकि सुरक्षा में कोई समस्या खड़ी न हो। सरपंच ने बताया कि पूरे गांव में सीसीटीवी कैमरे को लगाने में करीब 12 से 13 लाख रुपये का खर्च आया है। इससे लगभग पूरे गांव को सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा सकती है।

### गांव की सुरक्षा होगी सुनिश्चित



सरपंच देशराज सिंह फौजी ने कहा कि पंचायत का यह कदम गांव की सुरक्षा में अहम साबित होगा। दूसरे गांवों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे न केवल अपराध पर अंकुश लगेगा, बल्कि अपराधिक घटनाएं सुझलाने में भी मदद मिलेगी। इतने बड़े स्तर पर कैमरे लगाने वाला हमारा गांव जिले का पहला गांव है।



महेंद्रगढ़। गांव में चौक चौराहे पर सीसीटीवी लगाते कर्मचारी।

### सरपंच का सराहनीय प्रयास



पाली निवासी व भाजपा की महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी डा. अर्चना ठाकुर ने कहा कि गांव के सरपंच के यह प्रयास सराहनीय है। गांव में सीसीटीवी लगने से गांव की सुरक्षा में यह अहम कदम साबित होगा। कुछ माह पहले भी सरपंच के प्रयास से गांव में से शराब का ठेका भी हटाया गया था।

## बिजली नहीं देने से खफा ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बवानिया बिजली घर से जुड़े 11 गांवों में दिन के समय बंद बत्ती रहती है गुल

सर्दियों में दिन के समय 8 घंटे बिजली सप्लाई देने के आदेशों के बावजूद 11 गांवों को नहीं मिल रही दिन के समय बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। एसडीएम हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

बवानिया गांव के पावर हाउस जुड़े 11 गांव को दिन में बिजली नहीं मिलने से किसानों में सरकार के प्रति भारी रोष है। बिजली नहीं मिलने व पावर हाउस में समस्या को लेकर किसानों ने वीरवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपा।

बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रदेश के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने किसानों को दिन के समय आठ घंटा बिजली देने के आदेश बिजली निगम के अधिकारियों को दे रखे है। लेकिन बवानियां पावर हाउस से जुड़े 11 गांवों को दिन के समय बिजली नहीं मिल रहीं है। इससे परेशान होकर किसानों में सरकार के प्रति रोष है। किसानों ने बताया कि सरसों व गेहूं में तीसरा पानी देने की तैयारी चल रहीं है। महेंद्रगढ़ जिले में नहरी पानी पीने के लिए प्रयोग किया जाता है। परंतु बवानिया 33 केवी पावर हाउस से जुड़े 11 गांव के किसानों को दिन के समय 5-6 घंटा बिजली मिल रही है। किसानों ने कहा कि वोल्टेज भी बहुत कम आती है।

जिससे किसानों की मोटर नहीं चलती और ज्यादातर किसानों की कम वोल्टेज में मोटर जल जाती है। बवानियां पावर हाउस से 11 गांव बवानियां, गागड़वास, बचीनी, चितलांग, हरनाथ की नांगल, खेड़ा, सुरजनवास, मेघनवास, बुचौली, डुलाना देवास के अलावा रसूलपुर, कोका, भालखी, सुंदरह, झगड़ौली, ऊंची भांडोर के कुछ किसानों को इस पावर हाउस से बिजली सप्लाई मिलती है। यह भी बता दें कि बवानियां 33 केवी सब स्टेशन करीब 23 साल पहले 132 केवी कनीना सब स्टेशन से जोड़ा गया था। कनीना से बवानियां की दूरी करीब 20 किलोमीटर है।

### ओवरलोडिंग बड़ी समस्या

बवानियां पावर हाउस से कृषि के लिए पांच एपी फीडरों में बिजली दी जाती है। कृषि के फीडर एक नंबर देवास, सुरजनवास, बवानिया, हरनाथ की नांगल, बचीनी से दी जाती है। डीएस गांवों में बिजली सप्लाई करने के दो फीडर हैं। पहला फीडर मेगघवास इसके अंदर सात गांव को बिजली सप्लाई दी जाती है। दूसरा फीडर गागड़वास के चार गांव को बिजली सप्लाई होती है। किसानों का कहना है कि तीन दिन के समय बिजली मिल रहीं है तथा तीन दिन रात्रि के समय बिजली मिल रही है। रात को 12 बजे से सुबह आठ तक बिजली सप्लाई होती है। दूसरे फीडर दिन के समय सुबह आठ से शाम तीन बजे तक सरकार द्वारा बिजली चलाने का शेड्यूल है, लेकिन बवानियां पावर हाउस में ओवरलोडिंग होने के कारण बिजली नहीं मिल पा रही है।

### मोहनपुर से जोड़ने की मांग

बवानियां सब स्टेशन से मोहनपुर 132 केवी पावर की हाउस की दूरी महज चार किलोमीटर है। जबकि कनीना सब डिवीजन से बवानियां सब स्टेशन की दूरी करीब 20 किलोमीटर है। बिजली लाइन करीब 23 साल पुरानी है। अभी तक इस लाइन का नहीं बदला गया है। बवानियां सब डिवीजन से जुड़े गांव पिछले काफी वर्षों से बवानियां को मोहनपुर पावर हाउस से जोड़ने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा चुका है। वहीं बवानियां पावर में तालाबंदी भी की जा चुकी है। इसके अलावा कई बार ग्रामीण विभाग को प्रस्ताव भी लिखकर दे चुके है। इस मौके पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, सरपंच प्रतिनिधी संजीव बवानियां, राजेंद्र, प्रवीण, धर्मपाल सुरजनवास, रामकुंवार, सूरतसिंह, सुधीर, बाबुलाल इत्यादि मौजूद रहे।

### जगमग फीडर के अघोषित बिजली कटों से ग्रामीण परेशान, जगमग से सिटी फीडर बनाने की मांग

- बिजली कटों से प्रभावित हो रहे दैनिक कार्य

**सतनाली मंडी।** सतनाली कस्बे में पिछले कुछ दिन से अघोषित बिजली कट लग रहे है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। इस बारे में उपभोक्ता महावीर, महेश, रोहित, बालकिशन, नवीन, अनिल, रोहताश, पवन, जितेंद्र, संजय आदि अनेक लोगों ने बताया कि निगम की ओर से सतनाली में कभी भी बिजली कट लगा दिया जाता है और पिछले कुछ दिन से कटों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। सतनाली में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की बात कही जा रही है, लेकिन कभी भी बिना पूर्व सूचना के लंबे समय तक बिजली काट दी जाती है। जिससे दैनिक कार्य प्रभावित होते हैं और पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो जाती है तथा बाजार में बिजली आधारित कार्य से जुड़े लोगों के कार्य भी बाधित हो जाते हैं। सतनाली विकास मंच प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि सतनाली सिटी फीडर को जब से बिजली निगम की ओर से जगमग योजना में शामिल किया गया है, कस्बे में अघोषित कट की संख्या में वृद्धि हो गई है। उन्होंने बताया कि सतनाली में बिना पूर्व सूचना के कभी भी अघोषित कट लगा दिया जाता है, जिससे बाजार में बिजली आधारित कार्य से जुड़े लोगों के काम व कार्यालयों में बिजली आधारित कार्य बाधित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि जब से सतनाली को जगमग योजना में लिया गया है समस्या ठीक होने की बजाए बढ़ गई है। उन्होंने सतनाली को जगमग योजना से हटाकर सीटी फीडर बनाने की मांग की, ताकि लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल सकें।



## महेंद्रगढ़ का तापमान @1.2 और नारनौल का @2.5 डिग्री पहुंचा

- राजस्थान के चुरू में 1.0 डिग्री तक तापमान पहुंचने से मौसम में सबसे ठंडी रही रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में जिला महेंद्रगढ़ सबसे ठंडा रहा। वीरवार को जिले में महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस व नारनौल का रात्रि तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे सम्पूर्ण मैदानी राज्यों में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा ठंडी रात रही। वही चूरू का रात्रि तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वजह से सबसे ज्यादा ठंडी रात के हिसाब से प्रथम पायदान पर काबिज रहा। जिला महेंद्रगढ़ में रात्रि तापमान एक ही दिन में 4.0 डिग्री सेल्सियस से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली के उत्तरी हिस्सों में कोहरा, कोल्ड डे व दिन का तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस से 18.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल का दिन का तापमान 18.0 डिग्री व महेंद्रगढ़ का 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। जिससे यानी सम्पूर्ण इलाके पर ठंड अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। यह मौसम परिस्थितियां आने वाले एक-दो दिन तक जारी रहेगी।

### घने कोहरे से वाहन चालक रहे परेशान

**सतनाली मंडी।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिन से हो रही कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। पिछले दिनों की अपेक्षा वीरवार को क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। जिससे दृष्यता कम होने से सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए। क्षेत्र में रात को पाला भी जमा। दिनभर ठंडी हवा चलने से लोग ठिठुरने को मजबूर रहे। सुबह से ही घना कोहरा छाने से दृश्यता न्यूनतम रही। जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन निकलने से पहले ही शुरू हुआ घना कोहरा दोपहर तक जारी रहा और इसके बाद शीतलहर ने कंपकंपाने को मजबूर कर दिया है। बीते दिनों की अपेक्षा सर्दी का प्रकोप कुछ ज्यादा ही रहा। सर्दी से बचने के लिए लोग कपड़ों में लिपटे व जगह-जगह अलाव देखते गए। घने कोहरे के कारण वाहन लाइट जलाकर सड़क पर रेंगते दिखाई दिए।

## योजनाओं से अनभिज्ञ लोगों के लिए कारगर साबित हो रही यात्राः ओपी

**नारनौल।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को अटेली खंड के नांगल व पृथ्वीपुरा, निजामपुर खंड के नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा, कनीना अनाज मंडी, सिहमा खंड के खासपुर व खामपुरा में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव खासपुर व खामपुरा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, नांगल व कनीना अनाज मंडी में अटेली विधायक सीताराम यादव, नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, पृथ्वीपुरा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुगनचंद ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से उन लोगों को बहुत ज्यादा फायदा मिल रहा है। जिनको सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं थी तथा किसी कारणवंश कार्यालय में नहीं जा सकते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे है, जो लाभार्थी अभी तक छूट गए है, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। ओमप्रकाश यादव ने गांव खामपुर में मौके पर छह लोगों की पेंशन बनाई। विधायक सीताराम यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को झारखंड से किया था। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने नागरिकों का प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटि, परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, आधार कार्ड अपडेट, बुढ़ापा पेंशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन, आयुष विभाग ने योग व ओपीडी, स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ चेकअप किया।नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।



नारनौल। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक।

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 12 जनवरी को सतनाली खंड के गांव सुरेहती जाखल व सुरेहती पिलानिया, अटेली खंड के भीलवाड़ा व ताजपुर, निजामपुर खंड के गांवड़ी जाट व निजामपुर, सिहमा खंड के गांव सिहमा व डेरोली अहीर में जाएगी। प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

## बिजली निगम पर भारी पड़ रही पांच फीट की केबल, शिकायत करने के बाद भी नहीं बदली

- बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है होटल व फार्म के बीच लगी केबल, जगह-जगह कट होने से हमेशा बना रहता है हादसों का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



सीआईए थाना के पास लगी खतरनाक केबल से लोगों को हादसों का भय बना हुआ है। आसपास के लोगों ने बिजली निगम के कर्मचारियों से इसकी कई बार शिकात भी की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब एसडीओ शिकायत देने उपरांत भी केबल को नहीं बदला जा रहा, जबकि हादसों का खतरा बना हुआ है।

रहीश कॉलोनी निवासी विजयसिंह ने बताया कि रहीश होटल एवं रहीश फार्म के बीच बिजली की एक केबल लगी हुई है। यह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है तथा महज पांच फुट की दूरी में ही इसमें तीन जोड़ हैं। तार नंगे हैं तथा पेड़ों पर जमीन की तरफ लटकी हुई है। इसे यहां से गुजरता व्यक्ति आसानी से छू सकता है तथा इसकी चपेट में आ सकता है। यहां बच्चे भी खेलते रहते हैं और आवागमन भी काफी ज्यादा है। दोनों खंभों के बीच जो तार लगे हैं, उन पर भी वृक्ष की टहनियां पड़ी हुई हैं, जिस कारण आए दिन स्पार्किंग भी होती रहती है तथा पेड़-पौधों में करंट आने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस बाबत निगम के कर्मचारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन न तो केबल बदली जा रही और न ही पेड़ की टहनियां काटी जा रही। उन्होंने निगम के एसडीओ से लिखित शिकायत देकर इसे ठीक करवाने की मांग की है।





## दोहान पच्चीसी से सिंचाई, 4 गांवों में सीधी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंचाई विभाग ने नांगल चौधरी के गांव गोद, बलाहा कलां, बलाह खुर्द एवं भांखरी की कृषि भूमि की सिंचाई के लिए बनाई गई योजना का वीरवार को विधायक डॉ. अभय सिंह यादव ने शुभारंभ किया।

पांच क्यूसिक क्षमता की यह पाइपलाइन विभिन्न जल संयंत्रों द्वारा संशोधित पानी को दोचाना माइनर की टेल पर पहुंचाकर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली द्वारा उपरोक्त चारों गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाएगी। 25 करोड़ की योजना पर दो साल से काम चल रहा था। अब पूर्ण हो चुकी है। परीक्षण के बाद वीरवार को पानी पहुंचा दिया गया है। यह पानी चारों गांवों की उपजाऊ भूमि को उपलब्ध होने के उपरांत इन गांवों के किसानों की आर्थिक स्थिति बदलेगी तथा क्षेत्र में ख़ुशहाली बढ़ेगी। विधायक ने स्वयं मौक़े पर जाकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ इसका शुभारंभ किया तथा अधिकारियों से इसे सुचारु रूप से चलाने के लिए विचार विमर्श किया । उन्होंने कहा कि यह योजना सिंचाई की एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भी काम करेगी। जब दोचाना डिस्ट्रिब्यूटरी में टेल पर पानी नहीं पहुंचेगा तो उस समय यह लाइन किसानों की फ़सल को बचाने का काम करेगी। जल संशोधन संयंत्रों से जब सुचारु रूप से संशोधित जल मिलेगा तो यह लाइन महीने में कम से कम 20 दिन से अधिक चलेगी तथा इस क्षेत्र को पर्याप्त पानी मिलेगा। इस मौक़े पर इन गांवों एसई राजेश खत्री, एक्शइन आशुतोष एवं बलाहा कला के सरपंच महावीर, बलाहा खुर्द के निवर्तमान सरपंच बहादुर सिंह, प्रिंसिपल सुमेर सिंह डोहर, सुरेश कुमार रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, डाक्टर चित्तरसिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# फ्रैंडशिप कर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



- 1.92 लाख की नकदी, 41 एटीएम कार्ड, 19 मोबाइल सिम व 44 सिम कार्ड किए थे बरामद

नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

साइबर थाना की पुलिस टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रेंडशिप का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मोहम्मद शफीक वासी सीकर के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपित से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित फ्रॉड की राशि को दूसरे खातों में ट्रांसफर करने का काम करता था। आरोपित को वीरवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि कोरियर डिलीवर करने के नाम पर पांच लाख 15 हजार रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामले में थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम ने छह आरोपित राहुल वासी मलदहिया थाना पहाड़पुर बिहार, मो. हिमायतुल्लाह वासी मलदहिया थाना पहाड़पुर बिहार, अमन वासी यादव नगर बादली, मो. राजा वासी राजा विहार बादली, ताज आलम वासी जोकटिया जिला बेतिया बिहार व शाहकार रजा उर्फ सद्दाम वासी दीवाना टोला बहादुरगंज जिला किशनगंज बिहार को पहले गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ में 19 मोबाइल सिम कार्ड के साथ, 44 सिम कार्ड, 41 एटीएम व एक लाख 92 हजार रुपये की नकदी बरामद की थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित ताज आलम का फ्रॉड करने में मुख्य रोल था।

सुनीता गर्ग निवासी मोहल्ला नलापुर ने थाना साइबर क्राइम महेंद्रगढ़ में ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में उसने बताया कि चार नवंबर को फेसबुक पर उसने एक ऐड देखी, जिस पर क्लिक करने पर उनका व्हाट्सएप नंबर पर खुल गया। जिस पर शिकायतकर्ता ने मैसेज किया तो थोड़ी देर बाद उनका व्हाट्सएप पर फोन आ गया। जिनसे बातचीत होने के बाद सामने वाले ने शिकायतकर्ता को बोला कि आप दोस्त बन गए हो वह आपके लिए एक गिफ्ट भेज रहा हैं। इसके बाद नौ नवंबर को शिकायतकर्ता के पास दूसरे नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। जिसने बताया कि वह मुम्बई से बोल रहा है, आपके किसी दोस्त ने यूके से कोरियर भेजा है, यह कोरियर फ्लाइट से आया है। जिसका 15000 रुपये चार्ज लगा है। शिकायतकर्ता ने नंबर पर गूगल-पे से पेमेंट कर दी। इसके बाद उसने शिकायतकर्ता से 25000 रुपये टैक्स के मांगे। उसके बाद उसने 50000 रुपये टैक्स के ओर मांगे। ऐसे करके शिकायतकर्ता ने अपने खाते से 255000 रुपये व अन्य 260000 रुपये अलग-अलग सीएससी सेंटर से भेज दिए। शिकायतकर्ता ने नौ नवंबर से 13 नवंबर तक कुल 515000 भेज दिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की।